तापमान

अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 28 .0 डिग्री

हरिभूमि
हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 23 मई 2025

11 सेना के सम्मान में, नारी शक्ति मैदान में



12 हांसी के श्याम मंदिर में 53वां अष्ठ दिवसिय महोत्सत



## मेयर समेत सभी पार्षदों ने कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

# सीवरेज समस्या को लेकर मेयर और मंत्री आमने सामने

### सीवरेज का एक ढक्कन बदलवाने के लिए सीएम नायब सैनी का फोन कराना पड़ता है : मोहित सिंगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम हाउस की गुरुवार को निगम सभागार में पहली बैठक हुई। बैठक मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता में हुई, जिसमें हिसार से सांसद जयप्रकाश, आदमपुर से विधायक चंद्रप्रकाश विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का संचालन निगमायुक्त नीरज ने किया। बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े 593 एजेंडों को सिलसिलेवार तरीके से रखा गया। हाउस की बैठक में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपनी सुस्त कार्यप्रणाली के चलते मेयर समेत सभी पार्षदों के निशाने पर रहे। सीवरेज, पेयजल तथा ड्रेनेज के मुद्दों पर पार्षदों ने जमकर हंगामा किया। पार्षदों ने विभाग के अधिकारियों के कामकाज से असंतोष जाहिर करते हुए बोले अधिकारी फोन नहीं उठाते। हालात यह है कि एसडीओ को फोन करते हैं तो वे कहते जेई से बात कर लो। जेई तो फोन ही नहीं उठाते। मैसेज करते हैं तो मैसेज देख लेते है, लेकिन कभी रिप्लाई नहीं करते। वार्ड की जनता समस्याओं को लेकर हमें सुनाने पहुंच जाती है। एमसी ने कहा कि सीवरेज का एक ढक्कन बदलवाने के लिए सीएम का फोन कराना पड़ता है। वार्ड 19 से पार्षद ने अधिकारियों पर आरोप लगाया कि सबसे ज्यादा घालमेल जनस्वास्थ्य विभाग में है। विभाग हमें दुखी करेगा तो हमें भी आपको दुखी करेंगे।

- नगर निगम हाउस की पहली बैठक में रखे गए 593 एजेंडे



हिसार। नगर निगम की पहली साधारण बैठक की अध्यक्षता करते मेयर।

### मैं पार्षद नहीं सीवरमैन बन गया : भीम महाजन

जनस्वास्थ्य विभाग की कारगुजारियों से दुखी वार्ड 5 से पार्षद भीम महाजन ने कहा कि मुझे ऐसा अहसास हो रहा है कि मैं पार्षद नहीं सीवरमैन बन गया हूं। मेरे पास वार्ड से सीवरेज समस्या से जुड़ी बहुत शिकायतें आती है, लेकिन अधिकारी उनका समाधान नहीं कर रहे। सीवरेज समस्या देखने के लिए मैं खुद मौका पर पहुंच जाता हूं, लेकिन अधिकारी वहां नहीं आते। महाजन ने कहा कि अधिकारियों के नकारापन के कारण हमें सुनना पड़ रहा है। मेरे एरिया में 5-10 लोगों द्वारा सीवरेज में गोबर बहाने के कारण हजारों लोगों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। मेरी मांग है कि जनस्वास्थ्य विभाग व नगर निगम प्रशासन गोबर बहाने वाले डेयरी संचालकों के खिलाफ ज्वाइंट ऑपरेशन चलाए।

### सीवरेज की सफाई होती है तो कचरा नहीं उठाते

वार्ड 3 से पार्षद ज्योति वर्मा ने सीवरेज समस्या पर कहा कि या तो सीवरेज लाइन की सफाई होती नहीं है, अगर होती है तो सीवरेज से निकलने वाले कचरे को उठाया नहीं जाता। निकाला गया कचरा बारिश के दौरान फिर से सीवरेज में ही चला जाता है। मेयर प्रवीण पोपली समेत कई अन्य पार्षदों ने भी ज्योति वर्मा की इस बात का समर्थन किया।

### सीवरेज समस्या पर कुछ हुआ हो, वह काम दिख नहीं रहा

मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि सीवरेज समस्या पर जनस्वास्थ्य विभाग बिल्कुल सीरियस नहीं है। शहर में सीवरेज समस्या की भरमार है। कहीं समाधान नहीं। समस्या को दूर करने के लिए कुछ हुआ हो, वह काम दिख नहीं रहा। मेयर ने विभाग के अधिकारियों से जवाब मांगा कि जब आपको कोई काम कहा जाता है तो वह होता नहीं। कहीं कोई सुनवाई नहीं। पार्षदों के फोन उठाते नहीं। मेरे फोन जाए तो गंभीर नहीं तो आप किसी की सुनते तक नहीं। मेयर प्रवीण पोपली यहीं पर भी नहीं रुके और उन्होंने विभाग के अधिकारियों की खिंचाई करते हुए कहा कि जब भी कुछ पूछा जाए तो एक ही जवाब होता है, टेंडर लगा दिए। कब खुलेंगे और कब काम होगा, हमें आज तक समझ नहीं आया। मेयर ने कहा कि काम जब होते हैं, मानसून सिर पर आ जाए। तब कोई फायदा नहीं। जनता भी परेशान और हम भी परेशान। आपकी वजह से निगम प्रशासन सड़कें नहीं बनवा पा रहा है। मेयर ने अधिकारियों से दो टूक कहा कि कैसे भी करो, हमें समाधान चाहिए। बारिश के सीजन से पहले निगम एरिया में सभी सीवरेज लाइनों, बरसाती नालों तथा जीटी की सफाई हो जानी चाहिए। बारिश में दिक्कत आई तो आपकी जिम्मेवारी है। मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी विभाग की तरफ से क्लीनिंग का कार्य किया जाए, उस एरिया के पार्षद को साथ लिया जाए और संबंधित ठेकेदार की पेमेंट भी तभी की जाए जब वार्ड का पार्षद क्लीनिंग के कार्य से संतुष्ट हो। इतना ही नहीं ठेकेदार वार्ड पार्षद के लेटर हेड पर काम की संतुष्टि लिखवा कर दें, तभी विभाग उसकी पेमेंट करें।

### या तो जेई व्यवहार ठीक करे नहीं तो कार्रवाई करो

वार्ड 18 से भाजपा पार्षद गुलाब सिंह खनगवाल ने अपना दुखड़ा सुनाते हुए कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग से जुड़े पेयजल व सीवरेज समस्या को लेकर जेई के पास फोन करते हैं तो वह उठाता नहीं। एसडीओ से बात करें तो वे कहते हैं जेई को बता दो। जेई फोन उठाता नहीं, ऐसे कैसे काम चलेगा।

### कामों के लिए टाइम बाउंड किया जाए : रवि सैनी

वार्ड 7 से पार्षद रवि सैनी ने अपनी एरिया के एजेंडों पर चर्चा करते हुए कहा कि राजीव नगर की लगभग 25 वर्ष पुरानी छोटी सीवरेज लाइन को बदलकर बड़ी लाइन डाली जाए ताकि मानसून सीजन में जलभराव से मुक्ति मिल सके। बडवाली ढाणी में बरसाती नाला डालकर उसे सब्जी मंडी चौक वाले मुख्य बरसाती नाले से जोड़ा जाए। महाबीर कॉलोनी में ओवरडोल की समस्या है। ऐसे में वहां पर नए ट्रांसफार्मर लगाए जाए। पोलों पर बिजली के मीटर को व्यवस्थित तरीके से लगाए जाए। रवि सैनी ने मांग उठाई की कि अधिकारी जिन भी एजेंडों को पूरा करने की हां भर रहे हैं, उन्हें तय सीमा में कार्य करने के लिए बाउंड किया जाए।

### पार्षदों के मुद्दों पर गंभीर हों अधिकारी : चंद्रप्रकाश

आदमपुर से विधायक चंद्रप्रकाश ने अधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि पार्षदों द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों पर गंभीरता दिखाए। उन्होंने मेयर से कहा कि जो अधिकारी यहां हां-हां करके जा रहा है। उनसे अपडेट लिया जाए।

### पुलिस करेगी पीजी की मॉनिटरिंग

शहर में आए दिन पीजी में हंगामे तथा आसपास के एरिया में खराब होते माहौल का मुद्दा भी पार्षदों ने उठाया। पार्षदों बोले अवैध रूप से पीजी चल रहे व कई जगहों से अनैतिक गतिविधियों की शिकायतें आ रही है। पीजी के मॉनिटरिंग पुलिस करेगी।

### शेड के लिए मैं पैसा दूंगा : जेपी

शहर की मुख्य सड़कों से रेहड़ियों हटाने के मुददे पर सांसद जयप्रकाश ने कहा कि रेहड़ी वाले गरीब है। सरकार की ओर से इनकी कोई ग्रांट नहीं आती। थोड़ा गरीबों के लिए भी सोचा। इस पर मेयर ने कहा कि जीटी रोड पर रेहड़ी लगाने पर दिक्कत है। नई सब्जी मंडी में बहुत जगह खाली पड़ी है, वहां लगाए। गलियों में घूमकर फल सब्जियां बेचे कोई ऐतराज नहीं। सांसद जेपी ने कहा कि निगम पार्षद अपने-अपने एरिया में जगह चिह्नित करवाएं, ताकि रेहड़ी संचालकों अपना गुजारा चला सके। रेहड़ी संचालकों के लिए शेड बनाने का पैसा मैं दूंगा। रेहड़ी संचालकों को अपमानित व परेशान न करो।

### 15 दिन बाद फिर होगी रिव्यू मीटिंग

पार्षदों ने गंदे पानी, सीवरेज ड्रेनेज जैसे मुद्दों पर अधिकारियों से जवाब मांगा। पब्लिक हेल्थ अधिकारियों ने पार्षदों की शिकायतों का 15 दिन में समाधान करने का आश्वासन दिया। इस पर मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि 15 दिन बाद दोबारा रिव्यू मीटिंग करेंगे और पूछेंगे कि काम हुआ है या नहीं। काम न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### मेरा वार्ड सबसे पिछड़ा : हरिसिंह सैनी

वार्ड 4 से पार्षद हरिसिंह सैनी सांखला ने कहा कि मेरा वार्ड सबसे पिछड़ा है। पिछले 5 साल में कुछ नहीं हुआ। मुझे समझ में नहीं आता, मेरे वार्ड में काम कैसे होंगे। उन्होंने बताया कि मैंने जनस्वास्थ्य विभाग के जेई सतविंद्र को वार्ड की एक गली में पेयजल डालने के लिए कहा। जेई ने गली में आधी एरिया में पाइप लाइन डाली और आधी में छोड़ दी। उसके बाद अब जेई की तरफ से कोई संतोषजनक जवाब नहीं है। वार्ड से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए विभाग के अधिकारी विजिट करने तक नहीं आते। उन्होंने कहा कि जेई सतविंद्र को हटाने से काम नहीं चलेगा। हालात नहीं सुधरे तो हम सारे पार्षद जनस्वास्थ्य कार्यालय पर धरना देंगे।

### एमसी ने सभी चीजों का ठेका लिया है क्या

वार्ड दो से पार्षद मोहित सिंगल ने बिजली समस्या का मुद्दा उठाते हुए कहा कि लोग अपनी समस्या को लेकर मेयर, सांसद, एमएलए या फिर अधिकारी के पास नहीं जाते बल्कि एरिया के एमसी के पास पहुंच जाते हैं। एमसी ने सभी चीजों का ठेका लिया है क्या। रात को आधे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में लाइट थी और आधी कॉलोनी में नहीं थी। मैं खुद मौके पर मौजूद था। एरिया का जेई कोई रिपॉन्स नहीं दे रहा था। लोग मुझे सुना रहे थे। इससे अच्छा होता पूरी कॉलोनी की ही बिजली काट दी जाती। पार्षद मोहित ने पेयजल समस्या पर बोलते हुए विभाग के जेई सतविंद्र की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया और कहा कि जेई का जवाब देने का तरीका जीरो हो, कोई काम कहा जाए, सामने कभी संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। मैं कब तक जनता की सुनता रहूंगा। जेई को मेरे वार्ड से हटाया जाए। इस दौरान वार्ड 13 से पार्षद संजय डालमिया ने भी मोहित के साथ सुर में सुर मिलाते हुए जेई के व्यवहार पर असंतोष जाहिर किया।

### खून पी रखा है : सत्यवान पानू

नगर निगम हाउस में कांग्रेस के अकेले पार्षद सत्यवान पानू ने जनस्वास्थ्य विभाग पर निशाना साधते हुए कहा कि विभाग न खून पी रखा है। सीवरेज समस्या से सबसे ज्यादा परेशान है। यह समस्या अकेले उनके वार्ड में नहीं, बल्कि पूरे नगर निगम एरिया में है। सफाई का कोई तरीका नहीं है। सीवरेज सफाई के नाम पर लंबे चौड़े बिल तो बना देंगे, लेकिन मानसून सीजन में क्या हाल होता है, यह किसी भी छुपा नहीं। सीवरेज वालों को सिस्टम समझ में नहीं आ रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री पंवार आज करेंगे कष्ट दूर

**हिसार।** लघु सचिवालय परिसर स्थित सभागार में 23 मई को विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार की अध्यक्षता में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि बैठक में रखे जाने वाले 14 परिवादों का हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार दोनों पक्षों के विचारों को सुनने के उपरांत मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर सभी विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे ताकि शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जा सके।

### डोजो कराटे चैंपियनशिप में 17 पदक जीते

**हिसार।** ऋषि नगर स्थित बीएस मॉडर्न हाई स्कूल ने डोजो कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल की टीम ने कुल 17 पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। बीएस मॉडर्न हाई स्कूल के खिलाडियों ने दो स्वर्ण, छह रजत और नौ कांस्य पदक जीते।मुख्याध्यापिका मंजू गांधी ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। स्कूल प्रशासन ने खिलाडियों, कोच और अभिभावकों का आभार जताया। साथ ही भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

## 6.66 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी

### एक और आरोपी काबू, 10 हजार के कमीशन पर बेचा अकाउंट

- पार्ट टाइम जॉब के नाम पर लगया दिया चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार साइबर थाना पुलिस ने शहर निवासी एक महिला से पार्ट टाइम जॉब के नाम पर 6 लाख 66 हजार 312 रुपये की ठगी मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी आशुतोष कुमार के रूप में हुई है।

ठगी मामले में जांच अधिकारी एएसआई गोविंद ने बताया कि उक्त आरोपी आशुतोष कुमार ने ठगी की राशि को ट्रांसफर करवाने के लिए 10 हजार रुपये के कमीशन पर बैंक अकाउंट बेचा था। इस संबंध में हिसार साइबर थाना में एक नवंबर 2024 को एनसीसीआरपी पोर्टल से हिसार निवासी एक महिला ने पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ठगी होने के बारे में शिकायत दी थी। इसमें महिला ने बताया कि 27 अक्टूबर को उसके मोबाइल पर पार्ट टाइम जॉब के जरिए तीन-चार हजार रुपये प्रतिदिन कमाने के लिए फोन आया और गूगल रिव्यू टास्क ज्वाइन करने के 200 रुपये दिए। महिला के पास एक लिंक भेज उसे यूक्वाइन एक्सचेंज प्लेटफार्म पर रजिस्टर करके एक हजार रुपये इन्वेस्ट करवाए जो उसके यूक्वाइन अकाउंट में दिखने लगे। इसके चलते महिला से टास्क पूरा करने के प्लान के नाम पर अलग अलग ट्रांजेक्शन में गूगल पे और आरटीजीएस के माध्यम से 6 लाख 66 हजार 312 रुपये ट्रांसफर करवाए।

एएसआई गोविंद ने बताया कि धोखेबाजों ने उक्त महिला से पार्ट टाइम जॉब के नाम पर व्हाट्सएप और टेलीग्राम के माध्यम से टास्क पूरा कर पैसे कमाने का लालच देकर 6 लाख 66 हजार 312 रुपये की ठगी की। इसके बारे में पुलिस ने महिला की शिकायत पर थाना साइबर में केस दर्ज करके अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### मंडी आदमपुर व जवाहर नगर की वार्डबंदी तैयार

**हिसार।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अनीश यादव ने बताया कि हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम 1994 के नियम 4 के तहत नवसृजित ग्राम पंचायत मंडी आदमपुर व जवाहर नगर बनने के उपरांत वार्डबंदी का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जारी शेड्यूल अनुसार 28 मई को वार्डबंदी का प्रारंभिक प्रकाशन होगा। 30 मई से 2 जून को सायं 5 बजे तक दावे और आपत्तियां स्वीकार की जाएगी तथा 1 जून रविवार को अवकाश रहेगा। इसी प्रकार 3 जून से 5 जून तक आदमपुर के सर्कल राजस्व अधिकारी द्वारा सभी प्राप्त दावों और आपत्तियों पर निर्णय लिया जाएगा तथा 6 से 9 जून के बीच अपील की जा सकेगी।

## किसानों की बिना सहमति पावर ग्रिड हाई टेंशन लाइन शुरू की, विवाद गहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। कंपनी अधिकारियों के साथ बैठक करके किसान संगठन।

बीकानेर से हिसार होते हुए जा रही पावर ग्रिड हाई टेंशन लाइन को लेकर किसानों और कंपनी के बीच विवाद गहरा गया है। रावलवास खुर्द में हुई बैठक में दोनों पक्षों के बीच कोई सहमति नहीं बन पाई। यह लाइन हिसार जिले के पनिहार चक, भेरिया, हिंदवान, धीरणवास, मात्रश्याम, न्योली होते हुए पातड़ा तक जाएगी।

कंपनी ने पिछले दिनों बिना किसानों की सहमति और सूचना के उनके खेतों में गहरे गड्ढे खोद दिए थे। किसानों के विरोध के बाद कंपनी को काम रोकना पड़ा था। बैठक में कंपनी अधिकारी बिना मुआवजा दिए लाइन बिछाना चाहते थे। किसानों ने इसका विरोध करते हुए साफ कर दिया कि बिना मुआवजे के न केवल लाइन बिछाने का काम रोकेंगे, बल्कि खेतों में घुसने भी नहीं देंगे। जिला पार्षद प्रतिनिधि संदीप धीरणवास, बलराज बिजला, दयानंद, प्रदीप शर्मा, कुलदीप, जयकुमार, सूबे सिंह, ओमप्रकाश, ईश्वर और प्रदीप ने बताया कि पिछले सप्ताह भी कंपनी ने बिना अनुमति के खेतों में क्रेशर बजरी सहित अन्य सामान डलवा दिया था।

## घर के आगे पानी रूकने का विवाद, महिला को पीटा, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

क्षेत्र के गांव हसनगढ़ में गली में नाली निर्माण को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद में एक महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई जिसे उपचार के लिए जिला के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में 51 वर्षीय कृष्णा देवी ने बताया कि उनके पड़ोसी सुबिया और उसकी पत्नी ने गली में नाली को ऊंचा करने का काम शुरू किया। इससे उनके घर के सामने पानी ठहरने की आशंका थी। जब कृष्णा ने इसका विरोध किया तो सुबिया की पत्नी ने उनके बाल पकड़कर घसीटा और गली में सुबिया के बेटे विकास और उसकी पत्नी ने मिलकर कृष्णा को लात-मुक्कों से मारा। कृष्णा ने बताया कि जब वह बचने के लिए भागी तो विकास ने उनके सिर पर ईंट मार दी, जिससे वह गिर पड़ी और उनके सिर से खून बहने लगा। इस दौरान उनकी छोटी बहन विद्या, पत्नी सुरेश कुमार, बचाने आई लेकिन हमलावरों ने उनके साथ भी धक्का-मुक्की की, जिससे विद्या का दो तोले का सोने का लॉकेट गिर गया। दोनों ने कृष्णा और विद्या को जान से मारने की धमकी भी दी।

## गन्ना व्यापारी के फोन में ऐप इंस्टॉल कर 4.5 लाख की ठगी, तीन पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त चार मोबाइल बरामद किए

साइबर थाना पुलिस ने गन्ना व्यापारी के फोन में ऐप इंस्टॉल करके साढ़े चार लाख की ठगी मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें धांसू निवासी रवि, ढाणी डोभी निवासी मनीष उर्फ मोगली और सलेमगढ़ निवासी सुभाष शामिल है।

मामले में जांच अधिकारी मुख्य सिपाही सुनीता ने बताया कि हाल ही में बुधवार को एनसीसीआरपी पोर्टल से साइबर थाना में एक शिकायत प्राप्त हुई। इसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि वह एक गन्ना व्यापारी है और किसानों से जूस के लिए गन्ना खरीदकर आगे बेचता है। गत 20 मई को उसके मोबाइल फोन पर उसके बैंक अकाउंट से दो ट्रांजेक्शन में क्रमशः दो लाख 80 हजार और एक लाख 70 हजार कटने का मैसेज आया। उसने तुरंत 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करवाई और मोबाइल फोन चेक किया तो उसमें एयरड्रोइड ऐप डाउनलोड मिली।

जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी रवि और शिकायतकर्ता की आपसी जान पहचान है।शिकायतकर्ता गन्ना व्यापारी ने अपना फोन चार्ज लगाया हुआ था। आरोपी रवि ने उस फोन में एयरड्रोइड ऐप डाउनलोड करके फोन हैक कर उक्त आरोपी सुभाष के बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर किए। मनीष उर्फ मोगली ने सुभाष से अकाउंट लेकर रवि को पैसे ट्रांसफर के लिए दिया। पुलिस ने उक्त आरोपियों से चार मोबाइल फोन बरामद किए है। आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## इन्द्र राज धुंधवाल बने सफाई मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर

अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर जिले के गांव चूली बागड़ियान निवासी इन्द्र राज धुंधवाल को नियुक्त किया गया है। इस संबंध में संघ के नई दिल्ली मुख्य कार्यालय के अनुसार इन्द्र राज धुंधवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति पत्र जारी कर दिया गया है। संगठन ने उन्हें एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपी है। यह सम्मान देने व प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति के लिए संगठन के शीर्ष केन्द्रीय नेतृत्व केन्द्रीय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल, संस्थापक व राष्ट्रीय महासचिव राजपाल महरोलिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्म सिंह कर्मा, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विशाल बिड़ला व रमेश बिड़ला, प्रदेश अध्यक्ष तथा तमाम संगठन कार्यकारिणी का आभार जताया है।



हिसार। प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए इन्द्र राज धुंधवाल।

## क्रेडिट कार्ड के पिन जनरेशन के नाम पर 1.66 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड का पिन जनरेट करने के नाम पर एक युवक के साथ 1066609 रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। साइबर थाना पुलिस ने ठगी का शिकार विकास नगर कालोनी निवासी मनोज की शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में मनोज कुमार ने बताया कि मैने इंडीसिंड बैंक का एक क्रेडिट कार्ड बनवाया था। उसी क्रेडिट कार्ड के पिन जनरेशन के लिए मेरे पास 21 अप्रैल को एक फोन आया और फोन करने वाले व्यक्ति ने मेरे व्हाट्स एप पर एक एपीके फाइल भेजी और मैंने उस एपीके फाइल को ओपन कर के मेरे दोनों क्रेडिट कार्ड की जानकारी भर दी जिसके बाद मेरे एक क्रेडिट कार्ड से 65000 रुपये तथा दूसरे कार्ड से 101611 रुपये कट गए। इस प्रकार अज्ञात लोगों ने मेरे साथ पिन जनरेशन के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए मेरे दोनों क्रेडिट कार्ड से कुल 166609 रुपये निकाल लिए। जब मैंने जिस मोबाइल नंबर से मेरे पास फोन आया था। उस पर फोन करने का प्रयास किया तो उसने फोन रिसीव नहीं किया जिसके बाद मुझे अहसास हुआ कि मेरे साथ फ्रॉड हुआ है।

### बरवाला में अवैध कॉलोनी पर जिला नगर योजनाकार का कड़ा एक्शन

## 4 एकड़ में बनी सड़कों और निर्माण को जेसीबी ने किया ध्वस्त

- जिला नगर योजनाकार विभाग को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

हिसार-चंडीगढ़ मार्ग रेलवे पुल के पास बरवाला में अवैध रूप से विकसित की गई एक कॉलोनी पर जिला नगर योजनाकार विभाग ने कड़ा एक्शन लिया है। लगभग 4 एकड़ में बनी इस अवैध कॉलोनी में बनाई गई सड़कों, दीवारों और अन्य अवैध निर्माणों को जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। जिला नगर योजनाकार विभाग को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे थर्मल के निकट लगभग 4 एकड़ जमीन पर अवैध कॉलोनी काटी गई है। इस कॉलोनी में सड़कों का निर्माण किया गया था और कई अवैध इमारतें भी बनाई गई थीं। डीटीपी अधिकारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर ) एसडीई रणसिंह, डीटीपी दिनेश कुमार, जेई रविंद्र और अमन कुमार जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंचे और अवैध निर्माण को तत्काल प्रभाव से तोड़ दिया गया। डीटीपी विभाग द्वारा इस अवैध कालोनी में अवैध निर्माण को ढहाने की कार्रवाई अढाई घण्टे प्रातः 11 बजे से डेढ़ बजे तक की गई।

डीटीपी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों को पहले ही विभाग की ओर से नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद कोई सुधार नहीं होने पर जेसीबी मशीन के जरिए कॉलोनी में बनाई गई सड़कों को उखाड़ दिया गया, दीवारों को तोड़ा गया, और अन्य अवैध निर्माण कार्यों को ध्वस्त किया गया। इस दौरान किसी ने भी कोई एतराज नहीं किया और मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई। अवैध कॉलोनी में बने हुए निर्माण कार्य को जेसीबी से ध्वस्त करने से प्रॉपर्टी डीलरों में हड़कंप मच गया। अवैध कॉलोनी में जेसीबी चलने से प्रॉपर्टी के दामों में एकदम गिरावट आ जाती है। डीटीपी अधिकारी ने आम जनता से अपील की कि वे अवैध कॉलोनाइजरों के बहकावे में न आएं।




बरवाला। हिसार चंडीगढ़ मार्ग रेलवे पुल के पास बनी अवैध कॉलोनी में जेसीबी से अवैध निर्माण को ढहाते हुए

एडवाइस / डॉ. मोनिका शर्मा



# समर वेकेशंस को ऐसे बनाओ एंज्वॉयफुल

समर वेकेशन, मतलब स्कूल जाने या होम वर्क करने या फिर ट्यूशन जाने की कोई टेंशन नहीं, ढेर सारी मस्ती के दिन। लेकिन इसका यह भी मतलब नहीं, समर वेकेशंस यानी गर्मी की पूरी छुट्टियां इस तरह बिता दी जाएं कि जिसकी कोई उपयोगिता ही ना हो, बस समय की बर्बादी हो। तो बच्चो, समर वेकेशंस में खेल-कूद, मौज-मस्ती के साथ-साथ कुछ ऐसा भी करो कि समय का सही उपयोग हो, तुममें कोई एक्स्ट्रा स्किल डेवलप हो।

बच्चो, गर्मी की छुट्टियों में तुम्हें जबरदस्त धमा-चौकड़ी, घूमने और दादी-नानी के घर जाने का मौका मिलता है। फ्री रुटीन वाले इस टाइम में तुम कुछ अच्छा कर सकते हो, लेकिन इस समय थोड़ा अवेयर रहना भी जरूरी है। बच्चो, मम्मी-पापा तो हर मौसम में तुम्हारी केयर करते हैं। तपती धूप के इस मौसम में तुम्हारी थोड़ी-सी अवेयरनेस उनकी चिंता कम कर सकती है। खासकर अपनी हेल्थ को संभालने के लिए छोटी-छोटी बातों का तो तुम खुद भी ख्याल रख ही सकते हो। थोड़ा केयरफुल रहने से तुम्हारा समर टाइम सचमुच फन टाइम बन जाएगा। इन हैप्पी हॉलिडेज में तुम कुछ अलग, कुछ नया ट्राई कर सकते हो।

**खेल-कूद का बनाओ सही रूटीन:** गर्मी के मौसम में हीट वेव्स बहुत से हेल्थ इश्यूज का कारण बनती हैं। हीट वेव्स के कारण डिहाइड्रेशन, थकावट और हीट स्ट्रोक जैसी सीरियस स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसीलिए समर वेकेशन के फ्री टाइम में भी खेलने-कूदने का सही शेड्यूल, सही रुटीन बनाना जरूरी है। इस मौसम में आउटडोर गेम्स के लिए सुबह या शाम का समय सबसे सही होता है, क्योंकि इस समय धूप कम रहती है। दिन के समय तुम दोस्तों को अपने घर बुलाकर या किसी दोस्त के घर जाकर अपनी पसंद के इनडोर गेम्स खेल सकते हो।



**गैजेट्स फ्री हो समर टाइम:** बच्चो, हमारे देश में कई ट्रेडिशनल और मजेदार इनडोर, आउटडोर गेम्स खेले जाते हैं। यकीन मानो, इन गेम्स को खेलकर तुम्हें खूब मजा आएगा। ये गेम्स मोबाइल या कंप्यूटर पर खेले जाने वाले वीडियो गेम्स से कहीं अधिक एंज्वॉयफुल हैं। हमारे पारंपरिक खेलों में कई सारे इनडोर और आउटडोर गेम्स शामिल हैं। कबड्डी, लुका-छिपी, खो-खो, सतोलिया, स्टापू (हॉपस्कॉच), रस्सी कूद, रुमाल झपट, लट्टू और गिल्ली डंडा जैसे कई खेल खूब मजेदार हैं। ये गेम्स स्क्रीन गेम्स की तरह आंखों को नुकसान पहुंचाने या पोस्चर बिगाड़ने वाले नहीं हैं। हमारे ट्रेडिशनल गेम्स तुमको फिजिकली-मेंटली एक्टिव और हेल्दी बनाएंगे, टीमवर्क सिखाएंगे। तो इस बार समर वेकेशंस में अपने दादा-दादी, नाना-नानी और मम्मी-पापा से इन गेम्स के बारे में पूछो। ऐसे खेल उन्होंने अपने बचपन में जरूर खेले होंगे। इन ट्रेडिशनल गेम्स को जानो-समझो और खेलो।



### सीखो ऐसी चीजें जो बढ़ाए तुम्हारी प्रतिभा

बच्चो, समर वेकेशंस में तुम अपनी रुचि के अनुसार ऐसे कोर्स कर सकते हो जो तुम्हारी प्रतिभा को निखारे और स्किल को बढ़ाए। तुम म्यूजिक, सिंगिंग, पेंटिंग या डांसिंग की वर्कशॉप अटेंड कर सकते हो, जो तुम्हारी प्रतिभा को बढ़ाएगी। कोई शॉर्ट टर्म कोर्स भी कर सकते हो, जो तुम्हारे स्किल को बढ़ाए जैसे कोडिंग या इसी तरह का दूसरा कोई कोर्स।

**हाइजीन और हेल्थ का रखो ध्यान:** बच्चो, बाहर खेलने के बाद घर लौटने पर भी कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। बाहर से घर आने पर तुम्हें तुरंत एसी, फैन या कूलर चलाने या गटागट ठंडा पानी पीने से बचना चाहिए। खेलने-कूदने के बाद हाइजीन यानी स्वच्छता पर ध्यान जरूर देना। खेलते हुए धूल-मिट्टी भी शरीर से चिपक जाते हैं। इनसे इंफेक्शन हो सकता है। इसीलिए अच्छे से नहाकर अपनी बॉडी की साफ-सफाई का ख्याल रखना चाहिए। हां, बाहर से आकर तुरंत नहाने के बजाय पहले कुछ देर आराम से बैठकर पसीना सुखाना, फिर नहाना। ऐसा न करने से तुम्हें जुकाम या बुखार हो सकता है।

**ट्राई करो ट्रेडिशनल फूड्स:** गर्मी के मौसम में खाने-पीने में भी बदलाव जरूरी है। हमारे देश के हर हिस्से में अलग तरह का खान-पान होता है, वह भी मौसम के हिसाब से। साइंटिफिक रिसर्च भी मौसम के अनुसार बनाए गए हमारे ट्रेडिशनल फूड्स को सही बताते हैं। समर टाइम में डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, लू लगने, डाइजेशन बिगड़ने जैसी परेशानियां बहुत होती हैं। इससे बचने के लिए थोड़ी सावधानी जरूरी है। समर सीजन में बाहर खाना-पीना अवॉयड करना चाहिए। इन दिनों घर का ट्रेडिशनल खाना शरीर को ठंडक देने का काम करता है। सत्तू, सीजनल फ्रूट्स, छाछ, शिकंजी, शर्बत, नारियल पानी और गन्ने का जूस जैसी चीजें टेस्टी ही नहीं हेल्दी भी हैं।



टमाटर, लौकी, ककड़ी, संतरे, तरबूज और खरबूजे जैसे मौसमी फल-सब्जियां खाकर भी तरोताजा महसूस होता है। दादी-नानी के घर जाने पर वहां बनने वाले खास तरह के फूड आइटम्स को जरूर ट्राई करो। इसीलिए समर टाइम में ठंडक का एहसास करवाने वाली परंपरागत चीजों को मन से खाओ।

बच्चो, इस तरह समझदारी भरा रूटीन फॉलो करके, कुछ बातों का ध्यान रखकर तुम अपनी समर वेकेशंस को और भी एंज्वॉयफुल बना सकते हो। *

# अनोखा पक्षी पेलिकन



बच्चो, पक्षियों का अपना एक अलग-अनोखा संसार है। कई पक्षियों में कुछ ऐसी विशेषताएं पाई जाती हैं, जो तुम्हें आश्चर्य में डाल देंगी। आज हम तुम्हें एक ऐसे ही अनोखे पक्षी 'पेलिकन' के बारे में बता रहे हैं।

पक्षी जगत
शिखर चंद जैन

बच्चो, दुनिया के कुछ सबसे बड़े पक्षियों में शामिल पेलिकन एक अनूठा पक्षी है। यह एक जलीय पक्षी है। पेलिकन अंटार्कटिका जैसे दुर्गम क्षेत्र को छोड़कर प्रायः पूरी दुनिया में ताजे पानी या नमकीन पानी की झीलों और अन्य जलीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं।



**पाउच वाली अनूठी चोंच:** पेलिकन की चोंच में लंबा-चौड़ा थैलीनुमा एक पाउच होता है। यह बेहद लचीला होता है, जिसे जरूरत पड़ने पर यह सिकोड़ या फैला सकता है। तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यह अपनी चोंच में ग्यारह लीटर तक पानी या फिर दस किलो तक भोजन सामग्री मजे से रख सकता है। इतनी सामग्री तो इसके पेट में भी नहीं समाती।

**ऐसे करता है मछलियों का शिकार:** पेलिकन, मछलियों का शिकार करते वक्त उन्हें पानी सहित अपनी चोंच में दबोच लेता है, फिर मुंह नीचे की तरफ झुकाकर पानी छानकर गिरा देता है और मछलियों को निगल लेता है। चोंच के सिरे पर मौजूद हुक जैसी संरचना में यह कई बार मछलियों को अटका लेता है और फिर सिर ऊंचा करके गले में गटक लेता है। पेलिकन एक दिन में लगभग एक किलो तक मछली खा सकता है।

**तैरने और उड़ने में माहिर:** पेलिकन के पंजों में जाल बना होता है, जिससे इसे तैरने में आसानी होती है। इसकी हड्डियों के भीतर और डैनों के नीचे हवा के बुलबुले भरे होते हैं, जिससे यह पानी की सतह के ऊपर आसानी से बैठ या तैर सकता है। उड़ने से पहले इसे गति लेनी पड़ती है। जैसे विमान रनवे पर दौड़कर धीरे-धीरे जमीन से हवा में उठता है, ठीक उसी तरह यह भी पानी की सतह पर अपने विशाल डैनों को पीटते हुए दोनों पैरों से पानी को पतवार की तरह काटता है और फिर धीरे-धीरे हवा में ऊपर उठता है। यह दस हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। *

### पेलिकन की प्रजातियां

पेलिकन की कुल आठ प्रजातियां पाई जाती हैं। आमतौर पर पेलिकन के पंख सफेद होते हैं, जिन पर काले धब्बे होते हैं। कुछ प्रजातियों के पंख गुलाबीपन लिए हुए होते हैं। डालमेटियन प्रजाति के पेलिकन आकार में सबसे बड़े होते हैं। डैने फैलाने पर डालमेटियन पेलिकन का आकार साढ़े तीन मीटर तक हो जाता है। इसका वजन लगभग तेरह किलो तक हो सकता है। सबसे छोटे आकार के पेलिकन ब्राउन पेलिकन होते हैं। इसके डैने लगभग दो मीटर तक फैलते हैं और वजन लगभग तीन किलो तक होता है। इनके पंख चॉकलेटी ब्राउन होते हैं। भारत में मूल रूप से सफेद या रोजी वे और डालमेटियन पेलिकन पाए जाते हैं।





कविता / वसीम अहमद

## चूहा-चुहिया गरमी में



बोली आइसक्रीम दिला दो
चाय पियूं न गरमी में,
बड़े शहर से आई चुहिया
बैठी है रुठखमी में।
चूहा बोला गरमी है तो
ठंडी करके पी जाओ,
मुझ पर हुक्म चलाना छोड़ो
पगी हो क्या बेशर्मी में।
चुहिया बोली कैसे पी लूं
सर्दी की सौगात है ये,
गले से मेरे न उतरेगी
चाय-वाय इस गरमी में।
रात हो गई अब जिद छोड़ो
आइसक्रीम कल ला दूंगा,
मान भी जाओ अच्छा होगा
अभी कह रहा नरमी में।
चुहिया बोली धमकाओ मत
मुझे भी आता है लड़ना,
ठंडा रखो माथा अपना
लड़ो न इतनी गरमी में।

### बूझो तो जानें



1
गढ़े इन्हें हाथों से कुम्हार,
मिट्टी को देता आकार।
बॉल सरीखा गोलम-गोल,
पी लो पानी ढक्कन खोल।

2
खड़ा किचन में है यह कौन,
भीतर ठंडक बाहर मौन।
फल-सब्जियां ताजा रखे,
मुख के भीतर बर्फ के चक्के।

3
कमरे में ठंडा अहसास,
गर्मी फटकेगी ना पास।
फर-फर ना घुर-घुर आवाज,
पंखे जी बैठे नाराज।

-रोचिका अरुण शर्मा

उत्तर : 1.मटका, 2.फ्रिज, 3.एयर कंडिशनर

### जीके क्विज-155

1. हाल ही में कनाडा की विदेश मंत्री बनने वाली भारतीय मूल की महिला का क्या नाम है?
2. हाल ही में वर्ष 2025 के लिए किस भारतीय लेखिका को लिटरेचर का इंटरनेशनल बुकर प्राइज देने की घोषणा की गई?
3. दुनिया की पहली परमाणु पनडुब्बी का नाम क्या था?
4. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के वर्तमान गवर्नर कौन हैं?
5. यक्षगान भारत के किस राज्य का प्रमुख लोकनृत्य है?
6. विश्वप्रसिद्ध पीसा की मीनार किस देश में स्थित है?
7. चंदबरदाई किस शासक के दरबारी कवि थे?
8. कौन-सा जीवाणु दूध से दही जमाने में सहायक होता है?
9. आम का वैज्ञानिक नाम (साइंटिफिक नेम) क्या है?
10. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-155 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-154 का उत्तर :** 1.विराट कोहली, 2.हैदराबाद, 3.वी. नारायणन, 4.रेडक्लिफ, 5.कैनबरा, 6.राष्ट्रपति, 7.कैस्पियन सागर झील, 8.चंद्रगुप्त मौर्य, 9.थाइलैंड, 10.अमेरिका और कनाडा

**जीके क्विज-154 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, रितेश-बलौदा बाजार, नीटू-सीतापुर, रमेश-कोरबा, रक्षिता-रायपुर, अमन-बिलासपुर, कुणाल-महासमुंद, हर्ष-रोहतक, कविश-दुर्ग, राकेश-रायगढ़, पिंकी-भोपाल

कहानी
डॉ. अमिता दुबे

दादी मां की अचानक तबियत खराब हुई तो क्षितिज को गर्मी की छुट्टियों में गांव आना पड़ा। मन ही मन वह गांव आने पर नाखुश था, लेकिन कुछ दिन में उसने वहां जो देखा और महसूस किया, क्षितिज का मन वापस शहर जाने का नहीं हो रहा था...

# अनोखी छुट्टियां



गर्मी की छुट्टियां हो गई थीं। क्षितिज को न पढ़ाई की चिंता थी न ही स्कूल जाने का झंझट। इन दिनों कंप्यूटर गेम, टीवी पर कार्टून फिल्में देखना और शाम को दोस्तों के साथ पार्क में खेलना, इस दिनचर्या में उसे खूब मजा आ रहा था। एक दिन क्षितिज शाम को खेलकर लौटा तो देखा मम्मी उदास बैठी थीं। उन्होंने बताया गांव से रामदीन काका का फोन आया था। दादी अम्मा बीमार हैं। तुरंत गांव बुलाया है। मम्मी ने पापा को फोन कर बता दिया है, वे जल्दी ही आने वाले हैं। तय हो चुका है, रात की ट्रेन से गांव के लिए निकल जाएंगे। मम्मी ने क्षितिज से भी अपना सामान लगाने को कहा। एक बार क्षितिज के मन में आया कि वह मम्मी से कह दे, उसे बोर होने गांव नहीं जाना है, घर पर अकेले रह लेगा, लेकिन मम्मी का मूड देखकर उसकी कुछ कहने की हिम्मत नहीं हुई।

क्षितिज जब ट्रेन में बैठा तो रह-रहकर उसका ध्यान अपने दोस्तों की ओर चला जा रहा था। वे तो गर्मी की छुट्टियों का मजा लेंगे और वह गांव में बोर होगा। क्षितिज को मन ही मन दादी अम्मा पर गुस्सा आया- इतनी बार पापा ने कहा पर अम्मा शहर आने को तैयार ही नहीं होतीं। न जाने गांव में क्या रखा है? अगर अम्मा यहां होतीं तो उसकी इस तरह छुट्टियां बर्बाद नहीं होतीं। और न जाने क्या-क्या सोचते उसकी आंख लग गई, जब आंख खुली तो पाया स्टेशन आ चुका था, मम्मी उसे जगा रही थीं। रामदीन काका, हां शायद रामदीन काका ही उन तीनों को लेने स्टेशन आए थे। वैसे तो उसने पहले कभी रामदीन काका को देखा नहीं था। हर वर्ष छुट्टियों में जब मम्मी-पापा गांव जाते हैं, वह नानी के पास ही मथुरा में रुक जाता है। चूंकि पापा का ट्रांसफर आगरा हो गया था, इसलिए तुरंत वह नानी के पास नहीं जा सका।

पापा ने रामदीन काका के पैर छुए तो मम्मी के कहने पर उसको भी पैर छूने पड़े। काका सबको लेकर स्टेशन से बाहर आए। वहां एक टैंपो खड़ा था। ऐसा विचित्र सा टैंपो क्षितिज ने पहले नहीं देखा था। वे चारों उसमें बैठ गए। कुछ देर बाद टैंपो गांव पहुंच गया। टैंपो से उतर कर कुछ दूर पैदल चलकर क्षितिज जिस घर में पहुंचा, उसे देखकर क्षितिज आश्चर्यचकित रह गया। इस घर में उसकी अम्मा रहती हैं, इतने बड़े घर में! सभी सीधे अम्मा के पास पहुंचे, जहां वह लेटी थीं। क्षितिज को लगा, अम्मा रो रही हैं! पापा उनके सिरहाने जाकर बैठकर उनका सिर सहलाने लगे। मम्मी उनके पैर दबाने लगीं। तब तक न जाने कहां से कई औरतें आ गईं, जिन्हें मम्मी-पापा, चाची, भाभी, बुआ संबोधित कह रहे थे। वह भौंचक्का-सा कभी अम्मा को, कभी मम्मी-पापा को और कभी आने वालों को देख रहा था। तभी उम्र में उससे काफी बड़ी दीदी जैसी दिखने वाली एक लड़की ने उसे अपने पास बुलाया। उसका नाम पूछा और लस्सी का गिलास उसे पकड़ा दिया। फिर दो लड्डू क्षितिज को देते हुए बोलीं, 'खाओ बबुआ।' क्षितिज ने मम्मी की ओर देखा। मम्मी बोलीं, 'खा लो ये तुम्हारी रमा बुआ हैं।'

क्षितिज गिलास और लड्डू लेकर बाहर आ गया। एक लड़का मुस्कुराता हुआ उसके पास आया और बोला, 'अच्छा किया क्षितिज, तुम आ गए। पिछली बार चाची से हमने कहा था, अबकी बार आएं तो तुम्हें भी साथ लेती आएं। जब तुम छोटे थे, तब एक बार तुम यहां आए थे।' क्षितिज को कुछ याद नहीं था, लेकिन आभास के साथ बात कर उसे अच्छा लगा।

क्षितिज ने धीमी आवाज में पूछा, 'क्यों आभास भइया! ये सभी लोग हमारे घर में ही रहते हैं?' आभास ने बताया, 'अरे नहीं, ये लोग पड़ोस के घरों में रहते हैं, तुम लोगों को आया हुआ देखकर आ गए।' क्षितिज को अपने शहर की कॉलोनी याद आई, जहां किसी के आने-जाने से किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता। न कोई किसी से इतने प्यार से बोलता है। वहां कोई कभी-कभार ही घर पर आता है। दादी के घर जैसा माहौल उसने कभी नहीं देखा। थोड़ी देर बाद बहुत सारे आदमी आंगन में आ गए। आभास ने ही बताया, 'ये पापा के दोस्त हैं।'

'पापा के इतने सारे दोस्त!' क्षितिज को आश्चर्य हुआ। जहां तक उसे पता है, वहां शहर में उसके घर में पापा का कोई दोस्त कभी नहीं आता।

आभास ने बताया, 'ये सभी लोग हर वर्ष तुम्हारे पापा के आने पर आते हैं। इनमें से कुछ लोग तुम्हारे पापा के साथ पढ़े हैं। सभी इंतजार करते हैं, तुम्हारे पापा के आने का। ये लोग अकसर तुम्हारी दादी अम्मा से मिलने आते हैं। अगर दादी को किसी चीज की जरूरत होती है तो पूरी करते हैं।'

आभास ने अगले दो दिनों में अपने सभी दोस्तों से क्षितिज का परिचय करवा दिया था। उनसे मिलकर क्षितिज को बिल्कुल भी नहीं लगा कि वह पहली बार उनसे मिला है। उनकी बातों से उसे लगा कि वे सभी उसे बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। नहीं जानता है तो वह ही इस वातावरण की सुंदरता और यहां रहने वाले लोगों की आपसी प्रेम-भावना को। क्षितिज रोज गांव में बच्चों के साथ खेलता। पेड़ों की छांव में बैठकर बातें करता। बच्चे पके मीठे आम तोड़कर खाते और गांव की ठंडी, शुद्ध हवा का आनंद लेते।

समय पंख लगाकर उड़ गया। अम्मा तो उन सबके आने के एक सप्ताह बाद ही ठीक हो गई थीं। पापा वापस चले गए थे। क्षितिज और मम्मी गांव में ही रुक गए थे। अब उन्हें भी जाना था। पापा लेने आने वाले थे। क्षितिज का मन यहां से जाने का नहीं हो रहा था। जाने वाले दिन की पूर्व संध्या पर वह आभास के साथ सभी दोस्तों से मिलने तालाब किनारे गया था, जहां सभी इकट्ठा थे। सब लड़के उसके लिए कोई न कोई उपहार लाए थे। सभी उससे वायदा लेना चाहते थे कि हर वर्ष वह गर्मी की छुट्टियां बिताने यहां आया करेगा।

क्षितिज ने अचानक भावुक होकर बोला, 'मित्रो! ये अनोखी छुट्टियां मुझे जीवन भर याद रहेंगी। आप सबने मुझ अनजान को जो प्यार, आदर दिया, वह मैं कभी भूल नहीं सकता। मैं वायदा करता हूं कि छुट्टियों में तो आऊंगा ही! हर बड़ा त्योहार भी यहां आप सबके बीच मनाने आऊंगा। अम्मा के बिना हम सब वहां उदास रहते हैं और हमारे बिना अम्मा यहां। अब त्योहार पर कोई उदास नहीं होगा। न अम्मा न हम।', 'और न हम सब...!' बच्चों का समवेत स्वर गूंजा। *

### अंतर बताओ

बच्चो, यहां झूला झूलती एक लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम फटाफट ये छह अंतर ढूंढकर बताओ।



उत्तर : 1.बाईं तरफ बादल के पीछे से सूर्य निकलता दिख रहा है। 2.बाईं तरफ लड़की के हाथ के नीचे झूले की स्ट्रिंग अलग रंग का है। 3.लड़की हंस नहीं रही है, उसका मुंह बंद है। 4.लड़की के स्कर्ट का निचला बायां हिस्सा डिफरेंट कलर का है। 5.झूले की सीट में दाईं तरफ एक गोलाकार निशान बना हुआ है। 6.दाईं तरफ ऊपर झूले की स्ट्रिंग का पैटर्न अलग तरह का है।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# दस रोचक कहानियां

बच्चो, कुछ समय पहले ही दस रोचक कहानियों की किताब 'बांसुरी बजाने वाला खरगोश' छपकर आई है। इसे लिखा है प्रख्यात लेखिका क्षमा शर्मा ने। इनमें से कुछ कहानियों में उड़ने वाली जादुई कार, उड़ने वाली किताब और उड़ने वाले मोबाइल के ऐसे कारनामे हैं कि इन्हें पढ़ते हुए तुम्हारा मन रोमांच से भर उठेगा। कुछ कहानियां ऐसी हैं, जिन्हें पढ़कर तुमको खूब हंसी आएगी। ऐसी ही एक कहानी है 'जंगल की रानी', जिसमें एक बकरी कुछ ऐसा कारनामा करती है कि जंगल का राजा शेर उसे जंगल की रानी बनाने की सोचने लगता है। इसी तरह ताकतवर शिब्बू पहलवान, कैसे बच्चों की मदद करता है, इसे तुम 'बच्चों का दोस्त' कहानी में पढ़ सकते हो। 'पेड़ पर झंडियां' एक बहादुर बच्चे नंदू की कहानी है, जो रेलगाड़ी का एक्सीडेंट होने से बचा लेता है तो 'इंजन चले साथ-साथ' में तुम पढ़ोगे कि रजनी, सोमेश और उनके दोस्त किस तरह एक पुराने रेलवे इंजन को साफ-सुथरा कर ऐसे सजा देते हैं कि सब चकित रह जाते हैं। एक बच्चे और तितली की मस्ती करने की कहानी 'तितली की खुशी' पढ़कर भी तुमको खूब मजा आएगा। बांसुरी बजाने वाले मुटकू खरगोश की कहानी भी तुम्हें बहुत पसंद आएगी। *



*किताब: बांसुरी बजाने वाला खरगोश, लेखिका: क्षमा शर्मा, मूल्य: 125 रुपए, प्रकाशक: साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली*

खबर संक्षेप

## डीसी यादव ने नगर निगम को दिए जांच के आदेश

**हिसार।** जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त अनीश यादव ने जनसमस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। समाधान शिविर में आर्य नगर निवासी प्रदीप कुमार द्वारा उनकी दुकान पर अवैध कब्जा कर सर्विस स्टेशन चलाने तथा जहाजपुल प्रताप नगर निवासी केशव द्वारा सड़क निर्माण कार्य में घटिया सामग्री प्रयोग करने की शिकायत पर उपायुक्त अनीश यादव ने नगर निगम के अधिकारियों को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा, एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश हरिराम, जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने समाधान शिविर में सुनी शिकायतें

**हांसी।** संयुक्त कार्यालय परिसर में लोगों की शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान हेतु बृहस्पतिवार को शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एसडीएम राजेश खोथ ने जन समस्याओं को सुना। इस अवसर एसडीएम राजेश खोथ ने आंधी तूफान से सड़कों पर गिरने वाले पेड़ों को तुरंत हटवाए जाने के निर्देश दिए ताकि किसी प्रकार की कोई सड़क दुर्घटना नहीं हो। इस कार्य के लिए उन्होंने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को जिम्मेवारी सौंपी। शिविर में कुल 6 समस्याएं समाधान के लिए रखी गई। एसडीएम ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को त्वरित आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए।

## जल संरक्षण को लेकर बीआरसीओं की बैठक

**हिसार।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के डब्ल्यूएसएसओ कार्यालय में हिसार जिले के सभी ब्लॉकों के ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर्स (बीआरसीओ) के साथ एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला सलाहकार विनोद कुमार ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य 30 जून तक चलने वाले समर कैंपेन की रणनीति तय करना था, जो कि ग्राम स्तर पर जल संरक्षण और स्वच्छ पेयजल को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। वीडब्ल्यूएससी के सहयोग से सामूहिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा ग्रामीणों को घरों में पानी की बचत के लिए टूंटी लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## 21 जून को मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**हिसार।** अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्घा ने कहा कि आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जन भागीदारी का कार्यक्रम है। इसमें सभी सामाजिक संस्थाओं, युवाओं और आमजन को बढ़चढक़र भाग लेना चाहिए। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी सम्बन्धित विभाग समय रहते तैयारियां पूरी करें इस कार्यक्रम के लिए होने वाले प्रशिक्षण शिविरों में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भाग लेना सुनिश्चित करे। बैठक में सीटीएम हरिराम, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ धर्मपाल पूनिया आदि रहे।

भारतीय सेना के शौर्य को नमन: महिला संगठनों द्वारा 'वंदन ऑपरेशन सिंदूर' शोभा यात्रा निकाली

# सेना के सम्मान में, नारी शक्ति मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

*यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों - पारिजात चौक और नागोरी गेट, राजगुरू मार्केट से होते हुए, पुनः अग्रसेन भवन में आकर संपन्न हुई। यात्रा के संपूर्ण मार्ग पर नगरवासियों का उत्साह और समर्थन देखते ही बन रहा था। सड़कों के दोनों ओर सैंकड़ों की संख्या में नगरवासियों ने यात्रा का स्वागत किया और देशभक्ति के नारों से आसमान गुंजायमान हुआ।*

पहलगाम में घटी दुर्भाग्यपूर्ण और हृदय विदारक घटना के उपरांत, भारतीय सेना द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के अदम्य पराक्रम और अद्वितीय शौर्य को सादर नमन करते हुए शहर के विविध महिला संगठनों की मातृशक्ति ने आज एक अविस्मरणीय और भव्य 'वंदन ऑपरेशन सिंदूर' शोभा यात्रा का आयोजन किया। यह यात्रा केवल सैनिकों के सम्मान में एक प्रदर्शन नहीं थी, बल्कि राष्ट्र के प्रति अटूट प्रेम और बलिदान की भावना का जीवंत प्रतीक बन गई।

■ यात्रा राष्ट्र के प्रति अटूट प्रेम की भावना का प्रतीक बनी

### राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा हिसार

शोभा यात्रा का शुभारंभ अग्रसेन भवन से हुआ, जहां सैकड़ों महिलाओं ने एक साथ आकर देश के प्रति अपनी आस्था और सम्मान प्रकट किया। भवन से निकलकर, यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों - पारिजात चौक और नागोरी गेट, राजगुरू मार्केट से होते हुए, पुनः अग्रसेन भवन में आकर संपन्न हुई। यात्रा के संपूर्ण मार्ग पर नगरवासियों का उत्साह और समर्थन देखते ही बन रहा था। सड़कों के दोनों ओर सैंकड़ों की संख्या में नगरवासियों ने यात्रा का स्वागत किया और देशभक्ति के नारों से आसमान गुंजायमान कर दिया।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सविता, अलका, अनुपमा, बृज लता, शिल्पा, मिनाक्षी मुदगिल, सुनीता रहेजा, ममता सोनी, गीता, मुस्कान आदि ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए यात्रा का नेतृत्व किया।



**उकलाना।** लाला लाजपत राय की प्रतिमा पर मालार्पण करते पूर्व मंत्री अनूप धानक, श्रीनिवास गोयल व अन्य।

## भाजपा उकलाना मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा

**उकलाना।** भाजपा उकलाना मंडल द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन देशभक्ति की भावना के साथ हुआ। यह कार्यक्रम पाकिस्तान पर भारत की निर्णायक कार्रवाई एवं युवाओं को देश के इतिहास व बलिदानों से प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। तिरंगा यात्रा गीता भवन से शुरू होकर लाला लाजपत राय की प्रतिमा तक भारत मां की जय कार्य करते हुए पहुंची। इस यात्रा में हरियाणा ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के उपाध्यक्ष श्रीनिवास गोयल पूर्व मंत्री अनूप धानक, मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं भारत मां के जयकारे लगाते हुए लाला लाजपत राय को माला अर्पण के लिए पहुंचे। पूर्व मंत्री अनूप धानक व भाजपा नेता गोयल ने कहा कि शहीदों के सम्मान में पूरा मंडल एकत्रित होकर शहीदों को श्रद्धांजलि दे रहा है। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देश को एक सूत्र में पिरोना शहीदों को सम्मान देना व सैनिकों का मनोबल बढ़ाना है। इस मौके पर भाजपा नेता बहादुर सिंह नंगथला, आनंद जैन, रजत वर्मा, काली मंगल, संदीप गोयल, मनवीर सिंह, मोहन नंगथला, राममिलन शर्मा आदि रहे।

जल्द ही अन्य आरोपी होंगे गिरफ्तार

## अंकित हत्याकांड के गिरफ़्तार दोनों आरोपी दो दिन के पुलिस रिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

रविवार की रात को नए बस स्टैंड पर होटल के कारिंदे ने राजपुरा निवासी अंकित की हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में होटल के मालिक व एक अन्य युवक को गिरफ्तार कर वीरवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उनको दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही अन्य आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गांव राजपुरा के अंकित हत्याकांड के मामले में पुलिस ने भैणी अमीरपुर निवासी हाल में नारनौंद निवासी होटल के मालिक शौकीन व उसके दोस्त संजीव को माजरा प्याऊ के पास से पकड़ने में सफलता हासिल की हैं। गुरुवार को दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। इस मामले के अन्य आरोपित अब भी पुलिस की गिरफ्त से फरार हैं।



**नारनौंद।** पुलिस की गिरफ्त में दो आरोपित। फोटो :हरिभूमि

## दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसो. की हिसार तहसील की कार्यकारिणी सर्वसम्मति से चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

# सुभाष चंद्र तहसील प्रधान और राहुल बने तहसील सचिव

हिसार दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन की हिसार तहसील की आम सभा की बैठक वरिष्ठ उपप्रधान सतेंद्र कालीरामण की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में तहसील की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चुनाव करवाया गया। जिला सचिव बलबीर सिंह झाझड़िया ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से सुभाष चंद्र पटवारी को तहसील प्रधान, राहुल सैनी पटवारी को सचिव, बलजीत सिंह पटवारी को वरिष्ठ उपप्रधान, ममता पटवारी को कोषाध्यक्ष, कमल पटवारी को उपप्रधान, विक्रम पटवारी को सहसचिव, मोनिका पटवारी को सलाहकार, संदीप जांगड़ा को मीडिया सलाहकार व राहुल गोयल को ऑडिटर चुना गया। बैठक में जिला प्रधान आजाद सिंह, गुरदेव शर्मा, राजवीर कानूनगो, सत्यवान कानूनगो सहित हिसार तहसील के सभी पटवारी व कानूनगो उपस्थित रहे।





**हिसार।** दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन की हिसार तहसील कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

## स्कूल बस की टक्कर से नाबालिग युवती घायल

**आदमपुर।** गांव घुड़साल की ढाणियों में स्कूल बस की टक्कर से 12 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची को पहले बगला के निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां गंभीर हालत के चलते हिसार रेफर कर दिया। पुलिस ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव घुड़साल निवासी रमेश ने बताया कि बुधवार को सुबह करीब साढ़े सात बजे उसकी 12 वर्षीय बेटी संगीता ढाणी के आगे सडक़ के साइड में खड़ी थी। उसी समय गांव घुड़साल की ओर से स्कूल बस का चालक गफलत व तेज गति से आया और लडक़ी को सीधी टक्कर मारकर फरार हो गया।

# गुजवि में बीकॉम-एमकॉम इंटेग्रेटिड व एमकॉम में दाखिले आरंभ : प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बीकॉम-एमकॉम इंटेग्रेटिड (पांच वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम) और एमकॉम (दो वर्षीय कार्यक्रम) में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक अभ्यार्थी 12 जून तक विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ उद्योगोन्मुखी कौशल प्रदान करना है।



प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

■ अभ्यार्थी 12 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं

उन्होंने कहा कि गुजविप्रौवि विद्यार्थियों को नवाचार, अनुसंधान और समग्र विकास के लिए एक प्रेरक वातावरण प्रदान करता है, जिससे वे राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बन सकें।

## गुजवि के सात विद्यार्थी एलटीआईमाइंडट्री प्राइवेट लिमिटेड में चयनित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के सात विद्यार्थियों का एलटीआईमाइंडट्री प्राइवेट लिमिटेड के पूल कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में चयन हुआ है। इस ड्राइव का आयोजन महर्षि मार्कंडेश्वर (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), मुलाना के सौजन्य से किया गया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। सहायक निदेशक प्लेसमेंट डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में बीटेक सीएसई की छवि धीमान, गरिमा, नितीश, खुशी गुप्ता व अभिजीत कुमार, बीटेक आईटी के रोहित हूडा तथा बीटेक सीएसई-एआईएमएल की वंशिका शर्मा शामिल हैं।

■ कुलपति व कुलसचिव ने चयनितों को शुभकामनाएं दी

गांव भंभूर में अध्यापक के साथ मारपीट

## छात्र को अजीबोगरीब कटिंग पर टोका, पिता व अन्य ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला के गांव भंभूर में एक प्राइवेट स्कूल अध्यापक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने स्कूल प्रिंसीपल की शिकायत पर छात्र सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। स्कूल प्रिंसिपल अरूणा कुमारी ने बताया कि भंभूर निवासी पवन कुमार का पुत्र उनके स्कूल में नौंवी कक्षा का छात्र है।

वह अजीबोगरीब कटिंग करवाकर स्कूल आया तो स्कूल टीचर सुनील कुमार ने उसे टोका। शिकायत में बताया कि अगले दिन छात्र अपने पिता पवन कुमार, कमल, मोहित, मुकेश, रामकुमार के साथ मोटरसाइकिल पर स्कूल आया।

आरोपियों ने स्कूल के प्रथम तल पर क्लास रूम में जाकर टीचर सुनील कुमार के साथ मारपीट की। टीचर सुनील कुमार के शोर मचाने पर वह और उसके पति रमेश कुमार बीचबचाव करने गए तो आरोपियों ने उन पर भी हमला बोल दिया। उसका बेटा निखिल और स्कूल टीचर गीता, किरण, मीनू जब बीचबचाव करने आए तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। आरोपियों ने टीचर सुनील कुमार को गांव भंभूर छोड़ जाने के लिए कहा और जान से मारने की धमकी दी।

## ट्रेडिंग में प्रॉफिट कमाने का झांसा देकर क्लर्क से 88 हजार ठगे, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ट्रेडिंग में प्रॉफिट कमाने का लालच देकर साइबर ठग ने जेल विभाग में कार्यरत क्लर्क से 88 हजार 805 रुपये हड़प लिए। पैसे ट्रांसफर होते ही आरोपी ने क्लर्क का न तो फोन उठाया और बाद में उसका नंबर ही ब्लॉ कर दिया। इस बारे पीड़ित युवक ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। अब इस मामले में गुरूवार को साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने क्लर्क की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस को दी शिकायत में गांव नाढोड़ी निवासी गुरसेवक सिंह पुत्र जगरूप सिंह ने कहा कि वह जेल विभाग पंचकूला में क्लर्क के पद पर कार्यरत है। 18 मई को उसके मोबाइल नंबर पर व्हाटसएप कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि अगर वह ट्रेडिंग करना चाहता है तो वह उसको ट्रेडिंग करवा कर अच्छा प्रोफिट दिला सकता है। इस पर उसने ट्रेडिंग करने के लिए हां कर दी। इसके बाद उसे एक यूपीआई आईडी दी और उस पर ट्रेडिंग शुरू करने के लिए 88 हजार 805 रुपये भेजने को कहा। गुरसेवक ने बताया कि उसने अपने गूगल-पे नंबर से 88 हजार 805 रुपए बताई गई यूपीआई आईडपी पर ट्रांसफर कर दिए।

# प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली सुनैना हुई सम्मानित

■ हरियाणा शिक्षा बोर्ड में प्राईवेट स्कूलों का रिजल्ट 96.28 % रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

प्राइवेट स्कूल संघ हांसी ने बृहस्पतिवार को प्रधान रविन्द्र अत्री ढंढेरी की अध्यक्षता में पूरे हरियाणा में दसवीं की बोर्ड परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डाटा की छात्रा सुनैना को पगड़ी पहना कर तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर प्रधान अत्री ने सभी प्राइवेट विद्यालयों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि हरियाणा शिक्षा बोर्ड में प्राईवेट स्कूलों का रिजल्ट 96.28 प्रतिशत रहा है जोकि काफी सराहनीय परीक्षा परिणाम है। इस अवसर जिले सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी जिले सिंह ने सुनैना को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित कर आप यूं ही कड़ी मेहनत के साथ नई ऊंचाईयों को प्राप्त करती रहें। संघ संरक्षक तेलूराम रामायण वाला ने छात्रा के साथ-साथ विद्यालय के स्टाफ व विद्यालय निदेशक को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यकारिणी संयोजक बलराज सिंह ने भी छात्रा को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल संचालक राजबीर वर्मा, उमेश तनेजा, रामफल शर्मा, प्रदीप कुमार, दीपक सहित काफी संख्या में अध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।





**हांसी।** दसवीं की बोर्ड परीक्षा में द्वितीय स्थान हासिल करने वाली छात्रा सुनैना को सम्मानित करते प्राइवेट स्कूल संघ के सदस्य

कार्यक्रम

20 जून को होगी पायलट रिहर्सल व बाल भवन से स्टेडियम तक मैराथन

# सिरसा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति स्थानीय शहीद भगत सिंह स्टेडियम में जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही उपमंडल व खंड स्तर पर भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर लघु सचिवालय के सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को योग दिवस कार्यक्रम को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी आवश्यक प्रबंधों समय रहते पूरा करने के लिए दिशा निर्देश दिए।



**सिरसा।** योग दिवस को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी।

अतिरिक्त उपायुक्तने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शहीद भगत सिंह स्टेडियम में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला स्तर पर 21 जून को सेमिनार का भी आयोजन किया जाएगा।अतिरिक्त उपायुक्त ने योग दिवस कार्यक्रम के लिए सभी जरूरी प्रबंधों व व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को अलग-अलग जिम्मेवारियां सौंपते हुए उन्हें जरुरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा भी की।

### एडीसी ने अधिकारियों की ली बैठक

*योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर 20 जून को पायलट रिहर्सल में योग प्रोटोकॉल क्रियाओं की रिहर्सल की जाएगी। इसी दिन पहले योगा मैराथन भी होगी। मैराथन प्रातः 6 बजे होगी, जोकि बाल भवन से प्रारंभ होगी और शहीद भगत सिंह स्टेडियम में इसका समापन होगा। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी योग मैराथन की सभी तैयारियां सुनिश्चित करेंगे।*

## विश्व को एकता के सूत्र में पिरोयगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मूल मंत्र 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य': अनिल

**फतेहाबाद।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में गांव मानावाली स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में पूर्व प्रशिक्षण सत्र के अंतर्गत योग प्रोटोकॉल अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा, जिला योग समन्वयक डॉ. अजीत कुमार व जिला योग विशेषज्ञ अंबिका पांटा के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रशिक्षण सत्र में बच्चों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। योग प्रोटोकॉल अभ्यास का प्रशिक्षण देते हुए आयुष योग सहायक अनिल कुमार ने बताया कि इस बार 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य' है, जोकि पूरी दुनिया के लिए बहुत बड़ा संदेश है। वैश्विक पटल पर यह महत्वपूर्ण सुझाव है जो पूरी दुनिया में एक नई सोच, समझ व सामंजस्य पैदा करने का आह्वान करता है।

सार्वजनिक सूचना

दी भिवानी केन्द्रीय सहकारी बैंक लि0, भिवानी की (जुई, ढिगावा, सिवानी, बवानी खेड़ा व मुंढाल) शाखाओं से सम्बंधित जमाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि जिन्होंने अपने खातों में पिछले 10 वर्षों या उससे अधिक वर्षों से लेनदेन नहीं किया है वे खाते निष्क्रिय हो गए है। वह बैंक की सम्बंधित शाखा में अपने आधार कार्ड एवं पैन कार्ड ले जा कर दिनांक 02.06.2025 तक अपने इन खातों को सक्रिय करवा लेवें अन्यथा इन खातों की जमा राशि B.R. ACT, 1949 (AACS) के Section 26A की अनुपालना करते हुए भारतीय रिर्जव बैंक में जमा करवा दी जाएगी जिसके लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा।
महाप्रबंधक

## खबर संक्षेप

### एमकॉम में दाखिले आरंभ : प्रो. बिश्नोई

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बीकॉम-एमकॉम इंटेग्रेटिड (पांच वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम) और एमकॉम (दो वर्षीय कार्यक्रम) में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक अभ्यार्थी 12 जून तक विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ उद्योगोन्मुखी कौशल प्रदान करना है।

### चोरी के मोटरसाइकिल सहित एक गिरफ्तार

**हिसार।** उकलाना पुलिस ने उकलाना मंडी गीता भवन के पास से चोरी हुई मोटरसाइकिल मामले में भैरी अकबरपुर निवासी निवासी दलबीर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उससे चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर लिया है। मुख्य सिपाही प्रदीप कुमार ने बताया कि इस संबंध में प्रभुवाला गांव निवासी श्रवण कुमार ने मोटरसाइकिल चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि 20 मई को वह मोटरसाइकिल पर उकलाना मंडी में गीता भवन के पास अपनी दुकान पर आया था और मोटरसाइकिल उसने दुकान के पास खड़ा किया था। कुछ समय बाद देखा तो मोटरसाइकिल वहां नहीं मिला।

### मंडी में आए किसान की जेब से 50 हजार उड़ाए

**बरवाला।** क्षेत्र के गांव गुराना के किसान की बरवाला बस स्टेंड के निकट जेब कट गई। जेब से 50 हजार रुपये चोरी हो गए। उक्त किसान एक सीएनजी ऑटो में जा रहा था। उसने चालक और एक अन्य व्यक्ति पर जेब काटने का शक जताया है। गुराना गांव के रहने वाले रमेश कुमार ने बरवाला थाना में दी शिकायत में बताया कि वह आढ़ती सुरेश कुमार की दुकान (नंबर 137-138, पुरानी अनाज मंडी, बरवाला) से एक लाख रुपए नकद लेकर निकला था।

### महिला महाविद्यालय में ओरियंटेशन कार्यक्रम

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय में इंटर्नशिप सैल द्वारा द्वितीय चरण में बीए और बीएससी प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. सतबीर सांगा के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य के वक्तव्य से किया गया। प्राचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 छात्राओं को व्यवहारिक और व्यावसायिक कौशल में बढ़ावा देती है।

### 12 बुजुर्ग अयोध्या की मुफ्त हवाई यात्रा करेंगे

**हिसार।** अग्रसेन भवन ट्रस्ट द्वारा मुफ्त हवाई यात्रा द्वारा अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए भेजे जाने की कड़ी में 23 मई को दूसरे सप्ताह 12 बुजुर्गों को भेजा जाएगा। पिछले सप्ताह इस योजना को शुरु करते हुए सात बुजुर्गों को अयोध्या भेजा गया था। प्रधान अंजनी कुमार खारिया वाला ने बताया कि कल जाने वाले सभी 12 बुजुर्गों को सुबह 11.30 बजे अग्रसेन भवन में बुलाया गया है।

---

### नशीली दवा के अवैध भंडारण व बिक्री के चलते 2 मेडिकल सील

# ड्रग विभाग की छापामार कार्रवाई से मचा हड़कंप

**आदमपुर में मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा नशीली दवाओं की बिक्री की गुप्त सूचना के आधार प्रशासन ने उठाया सख्त कदम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी आदमपुर

आदमपुर में मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा नशीली दवाओं की बिक्री की गुप्त सूचना के आधार पर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो व ड्रग विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई की। बुधवार देर रात करीब 12 बजे तक चली इस छापामार कार्रवाई के दौरान टीम ने दो मेडिकल स्टोर को सील कर दिया। जानकारी के अनुसार हरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो को गुप्त सूचना मिली कि आदमपुर के कुछ मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित नशीली दवाएं बेची जा रही है। सूचना मिलने पर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो टीम के साथ हिसार द्वितीय से ड्रग्स कंट्रोल अधिकारी अजय बिश्नोई, हिसार प्रथम से अजय कुमार, एसआई इंद्र सिंह, गुड्डी रानी के साथ आदमपुर के मैन बाजार स्थित भारत मेडिकोज व बस स्टैंड के पास स्थित गुरु मेडिकल हाल पर छापामार कार्रवाई करते हुए दोनों मेडिकल सील कर दिए। आदमपुर के मेन बाजार स्थित भारत मेडिकोज पर प्रिंस ब्रेन व आकृति अरोड़ा मिली। टीम ने मेडिकल में तलाशी ली तो वहां पर प्रीगैबलिन 300 एमजी की 31 सौ व टैपेंटाडोल की 900 गोलियां मिली। प्रीगैबलिन 300 एमजी का खरीद बिल मेडिकल संचालक द्वारा प्रस्तुत कर दिया गया लेकिन टैपेंटाडोल बिना खरीद रिकार्ड के स्टाक में रखी हुई थी। जिसके चलते मेडिकल को सील कर दिया गया। वहीं बस स्टैंड के पास स्थित गुरु मेडिकल हाल पर छापामार कार्रवाई के दौरान सुशील कुमार व विनोद कुमार मौके पर मिले। दुकानदार ने टीम के समक्ष टैपेंटाडोल की 29 हजार 600 गोलियां का खरीद बिल प्रस्तुत किया लेकिन मेडिकल में केवल 150 गोलियां मिली। मेडिकल संचालक द्वारा बेची गई 29 हजार 450 गोलियों को कोई बिक्री रिकार्ड नहीं मिला। जिसके चलते मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया।

#### 6.51 ग्राम हेरोइन सहित एक काबू

हिसार( नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालो पर कार्रवाई करते हुए नशा निरोधक पुलिस टीम ने गांव पीरावाली से एक व्यक्ति को काबू कर 6.51 ग्राम हेरोइन बरामद की है। टीम प्रभारी उप निरीक्षक इंदर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर पीरावाली निवासी सुखविंदर उर्फ सुखा को काबू किया। तलाशी लेने पर उक्त सुखविंदर उर्फ सुखा के कब्जे से एक पॉलिथीन की थैली से 6.51 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने बरामद हेरोइन कब्जे में लेकर सुखविंदर उर्फ सुखा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। उसे शुक्रवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

---

# हर वर्ष की तरह इस बार भी उत्कृष्ट रहा ढाणी खान बहादुर स्कूल का परिणाम

- यह परीक्षा परिणाम सफलता की पहली सीढ़ी, आसमां छूना बाकी : डॉ. संगीता सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** सम्मान समारोह में प्राचार्या, सरपंच व अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ उपस्थित उत्कृष्ट स्थान पाने वाले विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी खान बहादुर का परीक्षा परिणाम गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट रहा है। स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत के बल पर 92 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। विद्यार्थियों की उपलब्धि को विद्यालय प्रांगण में एक उत्सव के रूप में मनाया गया तथा प्रथम, द्वितीय, तृतीय व बोर्ड मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और उनके माता-पिता को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की इस सफलता पर स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह को संबाधित करते हुए प्राचार्या डॉ. संगीता सैनी ने कहा कि निसंदेह विद्यार्थियों ने एक बड़ी सफलता हासिल की है परंतु यह तो सफलता की पहली सीढ़ी है, अभी तो आसमान छूना बाकी है। प्राचार्या ने बताया कि विद्यालय का पास प्रतिशत 98.76 प्रतिशत रहा है। छात्रा पूनम ने 92 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, प्रिया और सिया ने 90 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय और जतिन ने 87.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या तीन, 80 प्रतिशत से ऊपर 12, 70 प्रतिशत से ऊपर 19 व 60 प्रतिशत से ऊपर अंक लेने वाले 18 विद्यार्थी रहे। कुल बोर्ड मेरिट 15 व प्रथम श्रेणी पास विद्यार्थियों की संख्या 52 रही। प्रत्येक विषय की परीक्षा के सर्वोत्तम स्कोर पर प्रकाश डाला जाए तो संस्कृत में 99, शारीरिक शिक्षा में 98, सामाजिक विज्ञान 97, विज्ञान 96, अंग्रेजी 96, हिंदी 95, व गणित 84 अंक रहे। प्राचार्या ने शानदार परीक्षा परिणाम का सराहा।

#### योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नारनौंद।** न्यू आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोहारी राघो में तीन हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी के कैडेटस ने सीओ कर्नल ज्ञान प्रकाश पाण्डये के आदेशानुसार योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें योग के महत्व के बारे में बताया गया। जिसमें कैडेटस ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। सीटीओ मुकेश कुमारी ने कैडेटस को योग जागरूकता का संदेश देते हुए कहा कि समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाना भी देश भक्ति का कार्य है। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या राकेश कुमारी, गायत्री देवी, सोनिया व कैडेट महक, नेहा, सोम्या, सतप्रिया आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

---

# अंधड़ में युवक के ऊपर सफेदे का पेड़ गिरने से हुई दर्दनाक मौत

- मां का इकलौता सहारा था रूपेश, घर का चिराग बुझने से छाया मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला



रूपेश का फाइल फोटो।

गांव खरक पुनिया में बुधवार देर सायं आए तेज आंधी-तूफान ने एक परिवार का चिराग छीन लिया। गांव के 21 वर्षीय युवक रूपेश की उस समय दर्दनाक मौत हो गई, जब खेतों से लौटते समय उसकी बाइक के आगे एकदम सफेदे का एक पेड़ आकर गिर गया। हादसा इतना भीषण था कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और रूपेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत बरवाला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सूचना पाते ही मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर हिसार नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

जांच अधिकारी एएसआई देवेंद्र सिंह ने बताया कि रूपेश अपनी बाइक से खेतों से गांव की ओर लौट रहा था। आंधी-तूफान के दौरान रास्ते में अचानक सफेदे का एक बड़ा पेड़ गिर पड़ा, जिसकी चपेट में आकर वो गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल ले गए, परन्तु तब तक बहुत देर हो चुकी थी। रूपेश मूल रूप से गांव राखी शाहपुर का निवासी था, लेकिन अपने मामा के गांव खरक पुनिया में अपनी मां के साथ रह रहा था। उसके पिता का पहले ही निधन हो चुका था, और वो अपने परिवार का इकलौता बेटा और मां का एकमात्र सहारा था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में इस हृदयविदारक घटना से शोक की लहर है। मृतक रूपेश अविवाहित था।

---

# सर्वेश हेल्थ सिटी में हुई 135 किलो से अधिक वजनी मरीज का एमआरआई

- सर्वेश हेल्थ सिटी की विशेषज्ञ टीम ने दिया पूरा भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** एमआरआई करवाता राजेंद्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

सेक्टर 14 स्थित सर्वेश हेल्थ सिटी में 135 किलो से अधिक वजन वाले मरीज का एमआरआई संभव हो सका है। यमुनानगर के रहने वाले राजेंद्र कुमार ने बताया कि उसका वजन अपेक्षाकृत अधिक है और इसी वजह से उसका एमआरआई कहीं भी नहीं हो पा रही थी। इसके लिए उसने पूरे यमुनानगर व चंडीगढ़ समेत कई जगहों पर प्रयास किया, लेकिन हर जगह से यही जवाब मिला कि आपका एमआरआई संभव नहीं है।' मैं बेहद निराश और मानसिक रूप से परेशान हो गया था। इसी दौरान मुझे सर्वेश हेल्थ सिटी, हिसार के बारे में जानकारी मिली। यहां नवीनतम तकनीक से सुसज्जित 3 टेस्ला वाइड बोर एमआरआई मशीन उपलब्ध थी, जो विशेष रूप से उन मरीजों के लिए उपयुक्त है, जिनका वजन अधिक होता है या जो सामान्य एमआरआई मशीन में फिट नहीं हो पाते। सर्वेश हेल्थ सिटी की विशेषज्ञ टीम ने मुझे पूरा आत्मविश्वास दिया, और मेरा एमआरआई पूरी तरह से आरामदायक अनुभव रहा। राजेंद्र ने कहा कि मेरे लिए यह अस्पताल केवल चिकित्सा का केंद्र नहीं, बल्कि एक नई उम्मीद का नाम है।

---

# राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में डीपीएस का रहा शानदार प्रदर्शन

- प्रतियोगिता में सफल रहने वालों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर के साथ पदक विजेता हेरिस व कोच अमित।

दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी हेरिश राठी और खेल प्रशिक्षिक अमित ने 21 मई को गुरु रविदास छात्रावास में आयोजित 6वीं राज्य स्तरीय योग चैंपियनशिप-2025 में अद्वितीय प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम एक बार फिर गौरवान्वित किया। विद्यालय के कक्षा चार के प्रतिभावान छात्र हेरिश राठी ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर 6 से 10 वर्ष (आयु वर्ग) में रजत पदक तथा विद्यालय-खेल प्रशिक्षिका अमित ने 30 से 40 वर्ष (आयु वर्ग) में रजत पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठ खेल भावना का परिचय दिया।

उल्लेखनीय यह है कि दोनों का चयन आगामी 6 से 8 जून, काँचरापारा, पश्चिम बंगाल में आयोजित 35वीं राष्ट्रीय योग चैंपियनशिप-2025 के लिए हुआ है, जो राष्ट्र स्तर पर उनकी इस योग प्रतिभा को नए आयाम प्रदान करेगी। इस अवसर पर विद्यालय-निदेशक निहाल सिंह व प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने दोनों को उनकी इस विशेष उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी।

---

# शत-प्रतिशत परिणाम आने पर बच्चों को किया सम्मानित



**हिसार।** किरतान स्कूल में विद्यार्थियों को सम्मानित करते अध्यापकगण।

- परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

क्षेत्र के गांव किरतान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। शत प्रतिशत परिणाम लाने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान एवं नेहरू युवा केन्द्र हिसार की ओर से 10वीं और 12वीं में बच्चों ने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन करने वाले बच्चों को बधाई दी गई। इस दौरान प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल उषा बंसल ने बताया कि दसवीं में परिणाम शत प्रतिशत रहा वहीं 12वीं में 93 प्रतिशत रिजल्ट आया। इस मौके पर आजाद हिन्द युवा क्लब के प्रधान कपूर सिंह आर्य, योगा एकेडमी के प्रधान रोहतास, मुकेश कुमार, मनवीर बुगालिया, शंकर लाल, प्रोमील आर्य, सुरेश कुमार व स्कूल स्टाफ मौजूद था।

---

# वर्तमान समय में सतत विकास के लिए इंजीनियरिंग के महत्व पर दिया जोर

- ओएसजीयू में राष्ट्रीय कॉन्फ्रेस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में शोधार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी विभाग ने गुरुवार को सतत इंजीनियरिंगः कंप्यूटर, सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल नवाचार की शक्ति का दोहन पर चर्चा करने के लिए विश्वविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेस का आयोजन किया । कॉन्फ्रेस का मुख्य उद्देश्य इंजीनियरिंग के विभिन्न क्षेत्रों में स्थिरता और नवाचार को बढ़ावा देने पर गहन चर्चा करना था। कॉन्फ्रेस का शुभारंभ विश्वविद्यालय के चांसलर व प्रो-चांसलर के प्रेरणादायक संदेशों के साथ हुआ, जिन्होंने वर्तमान समय में सतत विकास के लिए इंजीनियरिंग की भूमिका के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के इंजीनियरों को केवल तकनीकी समाधानों पर ही नहीं, बल्कि उन समाधानों के पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों पर भी विचार करना चाहिए। मुख्य अतिथि के रूप में ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय के प्रति कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संदेश में सतत इंजीनियरिंग के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे कंप्यूटर, सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवाचारों का उपयोग करके एक बेहतर भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एन.पी. कौशिक ने सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

---

# कुआं खोदने के विवाद में तीन भाइयों पर हमला

- गंभीर अवस्था में हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

बरवाला क्षेत्र के गांव बधावड़ में खेत पर कुआं खोदने के विवाद हो गया। पांच लोगों ने लाठी-डंडों, गंडासों और पिस्टल से तीन भाइयों पर हमला कर दिया, जिनमें एक जन्म से दिव्यांग है। सभी घायलों को गंभीर चोटों के कारण हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रामनिवास ने बरवाला पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दो भाइयों, सुरेश और सूरजभान, के साथ रहते हैं। सूरजभान जन्म से दिव्यांग हैं। गत दिवस सुबह करीब 11 बजे, रामनिवास और सूरजभान बरवाला से कुआं खोदने का सामान लेकर अपने खेत पर पहुंचे। वहां पहले से ही शिवकुमार, सत्यवान, कुलदीप, ईश्वर, और अंकित मौजूद थे। इनके साथ दो-तीन अन्य अज्ञात व्यक्ति भी थे। आरोपियों के पास लाठी-डंडे थे, जबकि शिवकुमार और सत्यवान ने गंडासे और शिवकुमार ने पिस्टल थामी हुई थी। रामनिवास के अनुसार आरोपियों ने सूरजभान को जान से मारने की नीयत से उनके सिर पर गंडासे से हमला किया। जब रामनिवास और सुरेश ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो सभी आरोपियों ने मिलकर उन पर लाठी-डंडों और गंडासों से हमला कर दिया। शिवकुमार ने पिस्टल दिखाकर धमकी दी कि आज तो तुम बच गए, अगली बार यहां आए तो जान से मार देंगे। पुलिस ने शिवकुमार, सत्यवान, कुलदीप, ईश्वर, अंकित व अन्य पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

---

# एचकेएसडी स्कूल के छात्रों ने कराटे में जीते 25 मेडल



**हिसार।** एचकेएसडी गर्ल्ज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कराटे में पदक लाने वाले विद्यार्थी प्राचार्या रेनू मल्होत्रा के साथ। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

बाल भवन व सूरज सेवा फाऊंडेशन की ओर से श्रीकृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल में आयोजित 21वीं इंटर डोजो कराटे चैम्पिनशिप में नागोरी गेट स्थित एचकेएसडी गर्ल्ज सी. सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 25 मैडलों पर कब्जा किया। इनमें एक गोल्ड, 4 सिल्वर व 20 ब्रान्ज मैडल शामिल हैं। गोल्ड मैडल रितेश गर्ग ने तथा सिल्वर मैडल दीक्षा गोयल, उर्वशी गर्ग, लक्ष्य गुर्जर व अनमोल कश्यप ने जीता। इसके अलावा 20 अन्य छात्रों ने ब्रान्ज मैडल जीता। स्कूल की प्राचार्या रेनू मल्होत्रा ने सभी विजेताओं को मैडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा सभी प्रतिभागियों व विजेताओं को शुभकामनाएं दी।

---

### अखंड ज्योत प्रज्वलन से शुरू होगा श्याम महोत्सव, प्रबंध समिति तैयारी में जुटी

# श्याम मंदिर में 53वां अष्ठ दिवसीय महोत्सव 25 से

- महोत्सव में चंडीगढ़ से कन्हैया मित्तल व साध्वी पूर्णिमा उर्फ पूनम दीदी करेंगी बाबा का गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



**हांसी।** पत्रकार वार्ता को संबोधित करते श्याम मित्र मंडल के प्रधान जगदीश राय मित्तल व अन्य। फोटो :हरिभूमि

प्राचीनतम श्री श्याम मंदिर का 53वां अष्ठ दिवसीय श्री श्याम महोत्सव 25 मई से 1 जून तक आयोजित किया जाएगा। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान जगदीश मित्तल ने बुधवार को श्री श्याम भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 25 मई को अखंड ज्योति प्रज्वलन से होगा। 26 मई को क्लश यात्रा में शामिल महिलाओं के हाथों में श्री श्याम नाम की मेहंदी लगाई जाएगी और 27 मई को सुबह मंदिर प्रांगण से क्लश यात्रा निकाली जाएगी और क्लश यात्रा में 1200 से अधिक महिलाएं एक वेशभूषा अपने सिरों पर क्लश उठाएंगी।

#### 2100 से अधिक श्रद्धालु निशान और ध्वजा यात्रा में लेंगे भाग

उन्होंने बताया कि 28 मई को 2100 से अधिक श्रद्धालु श्याम बाबा की निशान और ध्वजा यात्रा में भाग लेंगे। 29 मई को शहर में भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा निकलेगी। यात्रा में इस्कान बहादुरगढ़, रोहतक और हिसार के भक्त हरिराम नगर संकीर्तन करेंगे। 30 मई को श्री श्याम रथ सवारी निकलेगी। रथ सवारी के दौरान मंदिर प्रांगण से तोरणद्वार तक भव्य इलेक्ट्रिक आतिशबाजी की जाएगी और 31 मई को पीसीएसडी स्कूल के प्रांगण में विशाल श्री श्याम जागरण का आयोजन किया जाएगा। जागरण में चंडीगढ़ से कन्हैया मित्तल, कलकत्ता से सौरभ शर्मा, जयपुर से आयुष सोमानी व फतेहाबाद से पलविंदर पलक और नरेश म्यूजिकल ग्रुप बाबा का गुणगान करेंगे।

#### श्री श्याम मंदिर में ताली कीर्तन 25 को

**हिसार।** श्री श्याम मंदिर सेक्टर 16-17 में 25 मई रविवार को सायं ताली कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। ताली कीर्तन मंडली भट्टू मंडी, मासिक ताली कीर्तन परिवार हिसार, श्री श्याम मंडल हिसार एवं श्याम भक्तों द्वारा आयोजित कीर्तन में तालियों की लय पर भजनों के साथ श्याम प्रभु की महिमा का गुणगान किया जाएगा। मंदिर कमेटी सदस्य त्रिलोक बंसल ने बताया कि इस कीर्तन की विशेषता यह है कि इसमे साउंड, माइक, स्पीकर आदि का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा । ढोलक, डफली, ताली व भिवानी से विशेष रूप से आए नगाड़ी वादको की धुन और ले पर ही भजन गायकों द्वारा बाबा को रिझाया जाएगा।

#### विदेशों से मंगवाए फूलों होगा बाबा का श्रृंगार

प्रधान जगदीश मित्तल ने बताया कि महोत्सव का समापन पर 1 जून को 'एक शाम सांवरे के नाम' कार्यक्रम में वृंदावन धाम से साध्वी पूर्णिमा पूनम दीदी बाबा का गुणगान करेंगी। श्याम महोत्सव को लेकर पूरे शहर को इलेक्ट्रिक लाईटों व अन्य तरीकों से सजाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्याम महोत्सव के दौरान कलकत्ता तथा विदेशों से मंगवाए फूलों से रोजाना श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार किया जाएगा।